## न्यायालय श्री मुनदेव यादव, आर0ए0एस0, उप जिला कलेक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट, गंगापुर सिटी (जिला सवाईमाधोपुर)

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 23/2015 | 02.03.2015 | 01.04.2015 |

विक्रमसिंह मीना पुत्र रामकेश मीना जाति मीना निवासी ग्राम खिदरपुर तहसील गंगापुर सिटी हाल निवासी ए–14 सिद्धार्थ नगर, जयपुर ---वादी

**बनाम**

1. जयनारायण पुत्र नथुआ,माली निवासी उदेईकलां तहसील गंगापुर सिटी
2. चरण पुत्र नथुआ, माली निवासी उदेईकलां तहसील गंगापुर सिटी
3. सन्तोष कुमार दुबे पुत्र रामस्वरूप, ब्राह्मण निवासी सैनिक नगर गंगापुर सिटी
4. लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी

---प्रतिवादीगण

**दावा घोषणात्मक डिक्री व इन्द्राज दुरूस्ती**

उपस्थितः– श्री राजेन्द्र कुमार मिश्र, एडवोकेट, वादी की ओर से
श्री संदीप जैमिनी, एडवोकेट, प्रतिवादीगण की ओर से

**निर्णय**

वादी ने वादपत्र इस आशय का पेश किया है कि प्रतिवादी संख्या 1 व 2 ने प्रतिवादी संख्या 3 सन्तोष कुमार को दिनांक 26.9.2011 को ख0नं0 6180 रकबा 55 एयर ग्राम उदेईकलां में से सडक के दक्षिण की ओर 8 एयर भूमि जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विक्रय की थी । खातेदार प्रतिवादी संख्या 3 से यह भूमि जरिए विक्रय पत्र 1.8.2012 को वादी ने खरीदी है तथा कब्जा प्राप्त किया है। प्रतिवादी संख्या 1 व 2 द्वारा बेची गई खसरा नम्बर 6180 की 8 एयर भूमि का नया नम्बर 7093/6180 बनाया गया तथा यह भूमि विंक्रेता खातेदार सन्तोष कुमार दुबे की कब्जे काश्त एवं खातेदारी की भूमि रही है जो उसके द्वारा दिनांक 1.8.2012 को वादी को विक्रय कर कब्जा संभला दिया । ख0नं0 7093/6180 राजस्व रिकार्ड में सन्तोष कुमार की खातेदारी में अंकित किया गया था लेकिन मूल नक्शे में इस नम्बर 7093/6180 को अलग से तरमीम कर नहीं दर्शाया गया है। खातेदार सन्तोष कुमार जिस तरह से भूमि पर काबिज था उसके द्वारा वर वक्त विक्रय पत्र बेचे गए भाग को नजरी नक्शे में 8 एयर प्रदर्शित कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया गया था तथा वादी को कब्जा दिया गया था जो आज भी मौके पर मौजूद है। वादी जब इस नामान्तरकरण की जानकारी करने दिनांक 16.12.2014 को पटवारी हलका के पास गया तब जानकारी हुई कि इस नम्बर का नामान्तरकरण तो उसके नाम खुल जावेगा किन्तु नक्शा ख0नं0 6180 में पहले इस नम्बर की तरमीम नहीं होने के कारण अब आपके नजरी नक्शे के अनुसार तरमीम नहीं की जावेगी। वादी ने प्रतिवादी संख्या 4 से इस बाबत नक्शा ट्रेस में ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर का इन्द्राज कर नक्शा में तरमीम करने को कहा तो उन्होने ऐसा करने से इन्कार कर दिया । अतः वादपत्र प्रस्तुत

बतलाया जावे कि विक्रय पत्र दिनांक 1.8.2012 के साथ संलग्न नजरी नक्शे में दर्शाए गए पूर्व ख0नं0 6180 के हिस्सा 8 एयर ख0नं0 7093/6180 बना है का कब्जे अनुसार वादी खातेदार काश्तकार है। विक्रय पत्र के साथ संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर ग्राम उदेईकलां की तरमीम ख0नं0 6180 मूल के नक्शे में की जाकर नक्शा तरमीम कर ख0नं0 7093/6180 की नक्शे में तरमीम की जावे ।

दावा दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को तलब किया गया । प्रतिवादी संख्या 4 बाबजूद सूचना हाजिर नहीं हुए अतः इनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गई।

प्रतिवादी नं0 1, 2, 3 ने दावे का स्वीकारोक्तिपूर्ण जबाब प्रस्तुत कर वादी का दावा डिक्री करने का अनुरोध किया है।

वादपत्र के समर्थन में वादी ने नकल जमाबंदी सं0 2069 से 2072, नजरी नक्शा ट्रेस, फोटोकोपी विक्रय पत्र दिनांक 1.8.2012, फोटोकोपी विक्रय पत्र दिनांक 30.9.2011 पेश की है।

जबाब के समर्थन में प्रतिवादीगण ने प्रमाणित प्रतिलिपि विक्रय पत्र दिनांक 1.8.2012, प्रमाणित प्रतिलिपि विक्रय पत्र दिनांक 30.9.2011 पेश की है।

जबाब दावा प्रस्तुत करने के बाद वादीगण एवं प्रतिवादीगण के अभिभाषक इस बात पर सहमत हुए हैं कि राजस्व अभिलेख में दर्ज हिस्से अनुसार वादी के ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर का नक्शा ट्रेस में इन्द्राज कर दिया जावे।

पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया गया । नकल जमाबंदी सं0 2069 से 2072 ग्राम उदेईकलां के अनुसार ख0नं0 6180 रकबा 47 एयर जयनारायण, चरण पि0 नथुवा जाति माली की खातेदारी में दर्ज है। नकल विक्रय पत्र दिनांक 30.9.2011 के अनुसार जयनारायण, चरण पुत्रगण नथुवा जाति माली निवासी उदेईकलां ने ख0नं0 6177 रकबा 70 एयर में से पश्चिम की ओर उत्तर से दक्षिण ख0नं0 6176 से सटवां 45 एयर भूमि एवं ख0नं0 6180 रकबा 55 एयर में से दक्षिण की ओर की ( सडक के दक्षिण की ओर की ) 8 एयर भूमि कुल 53 एयर भूमि सन्तोष कुमार दुबे को विक्रय की है। नकल जमाबंदी सं0 2069 से 2072 ग्राम उदेईकलां के अनुसार भूमि ख0नं0 7092/6177 रकबा 45 एयर एवं ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर सन्तोष कुमार दुबे के नाम खातेदारी में दर्ज है। प्रमाणित प्रतिलिपि विक्रय पत्र दिनांक 1.8.2012 के अनुसार खातेदार संतोष कुमार दुबे ने ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर वादी विक्रमसिंह मीना पुत्र श्री रामकेश मीना को विक्रय की है। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख एवं जबाब दावा के अनुसार वादी विक्रमसिंह मीना उनके द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से खरीदी गई भूमि ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 की खातेदारी अपने नाम राजस्व अभिलेख में अंकित करवाने एवं इस 8 एयर रकबे को नक्शा ट्रेस में पृथक से दर्शित करवाने का अधिकारी होने के कारण वादी का वाद डिक्री किए जाने योग्य है।

सहायक कलेक्टर
(stamp/signature)

## आदेश

अतः वाद वादी डिक्री किया जाकर भूमि ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर ग्राम उदेईकलां का वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। वह भूमि प्रतिवादी सन्तोष कुमार दुबे की खातेदारी से कम की जाकर वादी की खातेदारी में दर्ज की जावे एवं उपरोक्त भूमि के बाबत् रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 1.8.2012 में वर्णित विवरण के अनुसार इस 8 एयर भूमि को नक्शा ट्रेस में पृथक से दर्शाया जावे । पर्चा डिक्री जारी किया जावे ।

पत्रावली फेसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 01.04.2015 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

( मुनिदेव यादव )
उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

(Civil Proceede Code, Appendix D-1)

अज अदालत उप जिला कलेक्टर मुकाम गंगापुर सिटी
इजलास मुनिदेव यादव, आर0ए0एस0

उनवान

विक्रमसिंह मीना पुत्र रामकेश मीना जाति मीना निवासी ग्राम खिदरपुर तहसी गंगापुर सिटी हाल निवासी ए—14 सिद्धार्थ नगर, जयपुर ——वा

बनाम

1. जयनारायण पुत्र नथुआ,माली निवासी उदेईकलां तहसील गंगापुर सिटी
2. चरण पुत्र नथुआ, माली निवासी उदेईकलां तहसील गंगापुर सिटी
3. सन्तोष कुमार दुबे पुत्र रामस्वरूप, ब्राह्मण निवासी सैनिक नगर गंगापुर सिटी
4. लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी ——प्रतिवादीग

दावा घोषणात्मक डिक्री व इन्द्राज दुरूस्ती

मुकदमा नं. — 23/2015

**यह मुकदमा आज वास्ते इनफियाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी** श्री राजेन्द्र कुमार मिश्र, एडवोकेट **मिनजानिब मुद्दई** श्री सन्दीप कुमार जैमिनी एडवोकेट **मुद्दायलह पेश होकर, हुक्म दिया जाता है व** वाद वादी डिक्री किय जाकर भूमि ख0नं0 7093/6180 रकबा 8 एयर ग्राम उदेईकलां का वादी क खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। यह भूमि प्रतिवादी सन्तोष कुमार दु की खातेदारी से कम की जाकर वादी की खातेदारी में दर्ज की जावे ए उपरोक्त भूमि के बाबत् रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 1.8.2012 में वर्णित विवरण के अनुसार इस 8 एयर भूमि को नक्शा ट्रेस में पृथक से दर्शाया जावे . पर्चा डिक्री आज दिनांक 01.04.2015 को जारी किया गया ।

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

| मुद्दई | रूपया | पैसा | मुद्दायलह | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | स्टाम्प पर्ची | | |
| महनताना वकील | | | महनतानावकील पर | | |
| खर्चा गवाहान | | | खर्चा गवाहान | | |
| फीस कमिश्नर | | | फीस कमिश्नर | | |
| बाबत इजराय | | | बाबत इजराय | | |
| हुक्मनामा | | | हुक्मनामा | | |
| मुतफर्रिक | | | मुतफर्रिक | | |
| मीजान | | | मीजान | | |